बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के अन्तर्गत विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में **दर्शनशास्त्र** विषय (विज्ञापन संख्या 51/2014) में सहायक प्राचार्य के पदों पर नियुक्ति हेतु साक्षात्कार कार्यक्रम प्रकाशित करते हुए अनर्हित अभ्यर्थियों को सूचित किया गया था कि अनर्हता के संबंध में उन्हें कोई आपत्ति हो तो साक्ष्य के साथ आवेदन पत्र दे सकते है।

इस आलोक में अनर्हित अभ्यर्थियों से प्राप्त सभी आवेदन पत्रों एवं संलग्न साक्ष्यों की समीक्षा के उपरान्त आयोग द्वारा कुछ अभ्यर्थियों को अर्हित योग्य पाया गया है। वैसे अर्हित किये गये अभ्यर्थियों की सूची आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह०/ 17/2/16

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

बिहार लोक सेवा आयोग,
15, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001

शिक्षा विभाग, बिहार के अन्तर्गत राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवम् अधीनस्थ अंगीभूत महाविद्यालयों में सहायक प्राचार्य, दर्शनशास्त्र (वि॰सं॰ 51/2014) के पद पर नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की समीक्षा के बाद योग्य पाये गये उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए अर्हित किया गया था और कुछ उम्मीदवारों को अनर्हित करते हुए सूचित किया गया था कि अनर्हता के संबंध में अनर्हित उम्मीदवारों को कोई आपत्ति हो तो वे साक्ष्य के साथ अभ्यावेदन दे सकते हैं। इस आलोक में अनर्हित अभ्यर्थियों से प्राप्त सभी अभ्यावेदनों एवं उनके साथ संलग्न साक्ष्यों की समीक्षा के उपरांत निम्नलिखित अनुक्रमांक धारित करनेवाले उम्मीदवारों को पूर्णतया औपबंधिक रूप से अर्हित करते हुए साक्षात्कार में सम्मिलित करने का निर्णय लिया गया हैः–

क्र॰ सं॰	नाम	अनुक्रमांक	पूर्व की स्थिति	वर्तमान स्थिति	साक्षात्कार की तिथि/समय
1	2	3	4	5	6
1.	सोनिया कुमारी	51011472	अनर्हित	अर्हित	05.03.2016/02.30 बजे अपराह्न
2.	रमेश कुमार	51011173	अनर्हित	अर्हित	05.03.2016/02.30 बजे अपराह्न
3.	अफजल अहमद	51010045	अनर्हित	अर्हित	05.03.2016/02.30 बजे अपराह्न
4.	शिव भान सिंह	51011395	अनर्हित	अर्हित	05.03.2016/02.30 बजे अपराह्न
5.	सिद्धेश्वर शर्मा	51011341	अनर्हित	अर्हित	05.03.2016/02.30 बजे अपराह्न

1. शेष अन्य उम्मीदवारों से प्राप्त अभ्यावेदन विज्ञापन के शर्तो के अनुरूप नही पाये जाने के कारण अस्वीकृत कर दिए गए है। उपर्युक्त सभी औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवार अपने अनुक्रमांक के आधार पर साक्षात्कार पत्र डाउनलोड कर नियत तिथि एवं समय पर साक्षात्कार में शामिल हो सकते है।

2. सुश्री स्मिता पाण्डेय अनुक्रमांक–51010973 द्वारा दिये गये अभ्यावेदन के आलोक में इनका पूर्व निर्धारित साक्षात्कार तिथि दिनांक 29.02.2016 से बदल कर दिनांक 23.02.2016 को द्वितीय पाली में निर्धारित किया जाता है।

3. वैसे आवेदक जिन्होंने अपने नाम, SEX, आरक्षण कोटि आदि में सुधार हेतु अभ्यावेदन दिए थे, के मूल आवेदन पत्र के अनुसार आयोग के डाटावेस में आवश्यक सुधार कर दिया गया है।

4. यह भी स्पष्ट किया जाता है कि वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने दर्शनशास्त्र विषय में NET की परीक्षा पास की है लेकिन स्नातकोत्तर डिग्री दर्शनशास्त्र की शाखा (STREAM) में प्राप्त की है, को भी तत्काल पूर्णतः औपबंधिक रूप से अर्हित करते हुए साक्षात्कार में शामिल कराया जा रहा है। ऐसे अभ्यर्थियों के अर्हता पर यथासमय निर्णय लेने का अधिकार आयोग को सुरक्षित रहेगा।

5. साक्षात्कार पत्र निर्गत होने या साक्षात्कार में भाग लेने से अर्हता सम्पुष्ट नही होती है। अर्हित/औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों की अर्हता पर अन्तिम निर्णय लेने हेतु आयोग स्वतंत्र होगा।

17/2/16

संयुक्त सचिव –सह–परीक्षा नियंत्रक
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।